पीपुल्स समाचार 12.08.19

डीएवीवी ने देश-विदेश के बच्चों के लिए बनाए 10 नए कोर्स, प्रतिभागियों को मिलेगा सर्टिफिकेट

ईएमआरसी के कोर्स में 45 हजार छात्रों ने कराया रजिस्ट्रेशन

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9826428274

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय को इस साल के शिक्षा सत्र में ऐसे 10 नए कोर्स तैयार करके दिए हैं, जिनकी पढ़ाई स्टूडेंट ऑनलाइन रहकर कर सकते हैं। उन्हें इन कोर्सेस को पूरा करने के बाद सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे।

यूनिवर्सिटी के ईएमआरसी विभाग ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय के इनिशिएटिव मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्सेस (मूक्स) के लिए इस वर्ष दस कोर्स तैयार किए हैं। विभाग द्वारा तैयार किए गए फोटोग्राफी, फाइनेंशियल अकाउंटिंग, कम्प्यूटर फंडामेंटल, कम्प्यूटर नेटवर्क, हिंदी भाषा संरचना, जनपदीय भाषाएं, कौशल, हिंदी काव्य, कथा साहित्य, पर्यावरण अध्ययन और लाइफ साइंस के दो कोर्स स्वयं पोर्टल पर गुरुवार से निःशुल्क उपलब्ध होना शुरू हो गए हैं।

स्वयं पोर्टल पर स्टूडेंट्स निःशुल्क पढ़ सकेंगे कोर्स

ईएमआरसी द्वारा तैयार किए गए इन कोर्सेस के लिए देश-दुनिया के 45 हजार स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। मूक्स दरअसल मानव संसाधन विकास मंत्रालय का एक इनिशिएटिव है, जिसके तहत यूजी और पीजी के तहत आने वाले कई कोर्स का स्टडी मटेरिलय स्वयं पोर्टल पर निशुल्क उपलब्ध होता है। छात्रों सहित शिक्षक या अन्य कोई भी इच्छुक व्यक्ति स्वयं पोर्टल की वेबसाइट पर जाकर खुद का रजिस्ट्रेशन करके इसके जरिए इस मटेरियल को निःशुल्क हासिल कर सकता है। इसके जरिए कोर्स पूरा करने के बाद प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भी दिए जाते हैं।

डिजिटल मार्केटिंग का कोर्स आईआईएम इंदौर के साथ मिलकर तैयार किया है। हर साल हजारों छात्र इन कोर्स से लाभान्वित होते हैं। यूनिवर्सिटी के ईएमआरसी विभाग द्वारा हर साल इस तरह के कोर्स तैयार किए जाते हैं। इस साल भी तैयार किया गया।

-डॉ. चंदन गुप्ता, मीडिया सीनियर प्रोफेसर, ईएमआरसी विभाग

यूनिवर्सिटी द्वारा राष्ट्रीय स्तर के प्रोजेक्ट में शामिल होकर अपनी सहभागिता दर्ज करा रहे हैं। इससे हमारे खुद के यूनिवर्सिटी के बच्चों के साथ ही देश और विदेश के बच्चों को भी लाभ मिलता है।

-डॉ. रेणु जैन, कुलपति डीएवीवी